# कार्यालय प्राचार्य
# शास0 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग
# जिला–दुर्ग (छ0ग0)

Industrial Training Institute

**Phone.No.:- 0788-2211156, Email - itidurg@rediffmail.com**


## –:: आदेश ::–

/दुर्ग दिनांक **23.07.2026**

क्रमांक–औ.प्र.सं./दुर्ग/मेह.प्रव./परीक्षा/2026/ **1452** /शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, दुर्ग को प्राप्त शिकायतों एवं संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थायें, क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग, का पत्र क्र.– 771 भिलाई दिनांक 20.07.2026 के आलोक में इस कार्यालय का आदेश पत्र क्रमांक–909 दिनांक 12.05.2026 तथा दिनांक 15.05.2026 को आयोजित 100 शब्द प्रति मिनट कौशल परीक्षा को निरस्त किया जाता है। दिनांक 27.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे व्यवसाय – स्टेनोग्राफर सेक्रेटियल असिस्टेंट (अंग्रेजी) की एवं 28.07.2026 को प्रातः 10.00 बजे व्यवसाय – स्टेनोग्राफर सेक्रेटियल असिस्टेंट (हिन्दी) की परीक्षा आयोजित की जायेगी।

**उक्त कौशल परीक्षा का प्रारूप एवं अंको का निर्धारण निम्नानुसार होगा :–**

1. **श्रुतलेखन गति परीक्षा (100 शब्द प्रति मिनट)** – 100 अंकों की श्रुतलेखन गति (100 शब्द प्रति मिनट) की कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा का मूल्यांकन लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा निर्धारित शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन नियमावली के अनुसार किया जाएगा। श्रुतलेखन प्रश्नपत्र 100 अंकों का होगा तथा परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 50 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। स्पेलिंग की त्रुटियां एक पूर्ण त्रुटि मानी जावेगी साथ ही प्रत्येक पूर्ण त्रुटि पर 1 अंक की कटौती की जावेगी। अभ्यर्थियों की मेरिट सूची श्रुतलेखन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

2. **सी.टी.आई./ए.टी.आई. (सी.आई.टी.एस./एन.सी.आई.सी.) उत्तीर्ण प्रमाण** – पत्र धारक अभ्यर्थियों को, निर्धारित कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण होने की स्थिति में, चयन हेतु तैयार की जाने वाली मेरिट सूची में प्रचलित नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

3. 100 शब्द प्रति मिनट के अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में स्टेनोग्राफर सेक्रेटियल असिस्टेंट (हिन्दी/अंग्रेजी) व्यवसाय हेतु प्राप्त आवेदनों में यदि 100 शब्द प्रति मिनट की श्रुतलेखन गति वाले पर्याप्त पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होते हैं, तो संयुक्त संचालक अपने विवेकाधिकार से 80 शब्द प्रति मिनट की श्रुतलेखन गति वाले अभ्यर्थियों पर भी विचार कर सकेंगे।

4. **कम्प्यूटर कौशल परीक्षा** – कम्प्यूटर कौशल परीक्षा (10,000 Key Depressions प्रति घंटा) केवल अर्हतामूलक (Qualifying) होगी। परीक्षा का मूल्यांकन लोक शिक्षण संचालनालय की शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद द्वारा निर्धारित दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। परीक्षा का मानक 10,000 Key Depressions प्रति घंटा (166.6 Key Depressions प्रति मिनट) होगा। 15 मिनट की परीक्षा में लगभग 3,333 Key Depressions का प्रश्नपत्र दिया जाएगा। अभ्यर्थी को उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 2,500 Key Depressions (75%) शुद्ध रूप से टंकित करना अनिवार्य होगा। कम्प्यूटर कौशल परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट 100 शब्द प्रति मिनट श्रुतलेखन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

अग्रणी संस्था अधिकारी/प्राचार्य
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,
दुर्ग (छ.ग.)